American Cancer Society®

# कैंसर क्या है?

कैंसर तब शुरू होता है जब एक या एक से अधिक कोशिकाओं के जीन में कुछ परिवर्तन होता है। जीन DNA (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड) के टुकड़े होते हैं जो हर कोशिका के अंदर होते हैं। कुछ जीन कोशिका को बताते हैं कि क्या करना है और कब बढ़ना है और विभाजित होना है। लेकिन जब ये जीन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, तो कोशिका कैंसर की कोशिका बन सकती है, और यह उस तरह से काम नहीं करती जैसा उसे करना चाहिए। एक बार कैंसर शुरू होने के बाद, यह नियंत्रण से बाहर हो सकता है, सामान्य कोशिकाओं की जगह लेता है, और सामान्य कोशिकाओं को जो उन्हें करना चाहिए वह करने से रोकता है।

## कैंसर कहां से शुरु हो सकता हैं?

कैंसर कोशिकाएं शरीर में कहीं भी बन सकती हैं, जिनमें अंग, मांसपेशीयाँ, हड्डियाँ और रक्त शामिल हैं। कैंसर का नाम आमतौर पर शरीर के उस हिस्से या कोशिका के प्रकार के मुताबिक रखा जाता है जहां से यह शुरू हुआ था। उदाहरण के लिए, स्तन में शुरू होने वाले कैंसर को स्तन कैंसर कहा जाता है। भले ही यह शरीर के अन्य भागों में फैल जाए, फिर भी इसे स्तन कैंसर ही कहा जाएगा।

शरीर के अन्य भागों में फैलने में सक्षम होने के कारण कैंसर कोशिकाएं सामान्य कोशिकाओं से भिन्न होती हैं। यह फैलाव को मेटास्टेसिस कहा जाता है। ये कैंसर कोशिकाएं लिम्फ नोड्स या शरीर के अन्य अंगों में फैल सकती हैं, जिससे शरीर के सामान्य कार्यों में समस्या हो सकती है।

कुछ प्रकार के कैंसर तेजी से बढ़ते और फैलते हैं। दूसरे बहुत धीरे धीरे बढ़ते हैं। कुछ के शरीर के अन्य भागों में फैलने की संभावना अधिक होती है। अन्य वहीं रहते हैं जहां उन्होंने शुरुआत की थी और फैलते नहीं हैं।

## ट्यूमर क्या है?

एक ट्यूमर कई कोशिकाओं से बनी एक वृद्धि है जो एक साथ समुह में रहेती है। कुछ ट्यूमर कैंसर होते हैं, यानी उनमें कैंसर कोशिकाएं होती है। लेकिन कई ट्यूमर कैंसर नहीं होते हैं। ट्यूमर जो कैंसर नहीं होते हैं उन्हें बिन-हानिकारक कहा जाता है। ट्यूमर जो कैंसर होते हैं उन्हें हानिकारक कहा जाता है।

कुछ कैंसर ट्यूमर के रूप में शुरू नहीं होते हैं लेकिन रक्त में कोशिकाओं को हुए नुकसान के कारण होते हैं। ये क्षतिग्रस्त कोशिकाएं ल्यूकेमिया, मायलोमा और लिम्फोमा जैसे कैंसर का कारण बन सकती हैं।

## कैंसर का कारण क्या है?

कुछ जीवनशैली की आदतें, माता-पिता से विरासत में मिले जीन, और कैंसर पैदा करने वाले घटको का संपर्क में आना यह सभी प्रभावित कर सकते हैं कि कैंसर कैसे और कब शुरू हो सकता है। ये सभी चीज़ें कोशिकाओं में जीन को नुकसान पहुंचा सकती है, जो कभी-कभी कैंसर का कारण बन सकता हैं। लेकिन कई बार कैंसर होने का कोई कारण पता नहीं चल पाता है।

लोग तंबाकू से दूर रहकर, स्वस्थ वजन बनाए रखने पर, स्वस्थ भोजन करके, सक्रिय रहकर, शराब से परहेज या उसे सीमित करके और अपनी त्वचा को धूप से बचाकर कैंसर होने के जोखिम को कम कर सकते हैं। हालांकि, ऐसी चीजें हैं जो किसी व्यक्ति के कैंसर होने के खतरे को बढ़ाती हैं और जिसे वे नियंत्रित नहीं कर सकते हैं, जैसे कि अपने माता-पिता से प्राप्त जीन और एक व्यक्ति के वृद्ध होने के साथ कोशिकाओं में होने वाले परिवर्तन।

## कैंसर का निदान कैसे किया जाता है?

कुछ कैंसर का निदान तब होता हैं जब किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण होते हैं जो नहीं जाते। अन्य कैंसर का निदान तब होता हैं जब कोई व्यक्ति नियमित रूप से स्क्रीनिंग टेस्ट करवाता है। जब कैंसर छोटे होते हैं और इलाज में आसान होते हैं, तब किसी व्यक्ति में कोई लक्षण होने से पहले कुछ कैंसर का पता लगाने में स्क्रीनिंग मदद कर सकता है।

## कैंसर की अवस्था का अर्थ क्या है?

अधिकांश प्रकार के कैंसर के लिए, यह देखने के लिए परीक्षण किए जाते हैं कि यह कितना बड़ा है, यह जहां से शुरू हुआ है उसके बाहर बढ़ गया है की नहीं, और यह शरीर के अन्य भागों में फैल गया है की नहीं। इसे कैंसर की अवस्था कहते हैं। अधिकांश प्रकार के कैंसर को अवस्था 1, जिसका अर्थ है कि कैंसर बिल्कुल भी नहीं फैला है, से लेकर अवस्था 4 , जिसका अर्थ है कि कैंसर शरीर के अन्य भागों में फैल गया है, तक की अवस्था दी जाती है। एक अवस्था 0 भी है, जिसका अर्थ है कि क्षतिग्रस्त कोशिकाएं अभी भी केवल कोशिकाओं की परत में हैं जहां से उन्होंने शुरू किया था। अवस्था 0 की कोशिकाएं कैंसर नहीं हैं, लेकिन क्षतिग्रस्त होने के कारण कैंसर बन सकती हैं। कैंसर की अवस्था महत्वपूर्ण है क्योंकि यह चिकित्स्कों को यह जानने में मदद करता है कि कौन सा उपचार सबसे अच्छा है।

कुछ प्रकार के कैंसर के लिए, यह देखने के लिए कैंसर कोशिकाओं पर अतिरिक्त परीक्षण किए जाते हैं कि उनमें जीन या प्रोटीन परिवर्तन हैं की नहीं, जो कुछ उपचारों को बेहतर बना सकते हैं।

## कैंसर का इलाज कैसे किया जाता है?

कई प्रकार के कैंसर का सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है। कैंसर के सामान्य उपचार शल्यचिकित्सा, दवाएं और विकिरण हैं। कभी-कभी कैंसर के प्रकार और अवस्था के आधार पर एक से अधिक प्रकार के उपचार का उपयोग किया जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अलग-अलग कैंसर, इलाज के लिए अलग-अलग तरीकों से प्रतिक्रिया करते हैं।

- शल्यचिकित्सा का उपयोग कैंसर के एक हिस्से या पूरे हिस्से को हटाने के लिए किया जा सकता है। यदि कैंसर केवल एक ही स्थान पर है, तो शल्यचिकित्सा ही एकमात्र आवश्यक उपचार हो सकता है, या इसका उपयोग अन्य उपचारों के साथ किया जा सकता है।
- विकिरण का उपयोग शरीर के एक क्षेत्र में कैंसर कोशिकाओं के विकास को मारने या धीमा करने के लिए किया जा सकता है। अधिकांश विकिरण उपचार एक्स-रे प्राप्त करने जैसा है। इसके आलावा यह ट्यूमर के अंदर या उसके पास एक रेडियोधर्मी स्रोत डालकर विकिरण को छोड़ कर दिया जाता है।
- कई बार दवाओं का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को मारने या उनके विकास को धीमा करने के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ दवाएं एक सुई (IV) के माध्यम से नस में दी जाती हैं, अन्य एक गोली है जिसे आप निगलते हैं, और कुछ अन्य तरीकों से भी दी जा सकती हैं। प्रत्येक दवा अलग तरह से काम करती है, और कभी-कभी कैंसर के इलाज के लिए दो या दो से अधिक उपचार का एक साथ उपयोग किया जाता है। लेकिन वे सभी आपके पुरे शरीर पर काम करते हैं, न कि केवल एक ही स्थान पर। कैंसर के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं कीमोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और हार्मोन थेरेपी हैं।

प्रत्येक व्यक्ति का उपचार उनके कैंसर के प्रकार और अवस्था पर आधारित होता है। कैंसर देखभाल टीम कैंसर कहाँ से शुरू हुआ है, यह कितना बड़ा है, यह फैला है की नहीं, और सभी परीक्षण के परिणाम देखती है। एक व्यक्ति की उम्र और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी उपचार विकल्पों को प्रभावित कर सकती हैं। जब कैंसर देखभाल टीम के पास वह जानकारी होती है जिसकी उन्हें आवश्यकता है, तब वे कौनसा उपचार काम करने की सबसे अधिक संभावना है वह देखने के लिये विशेषज्ञों के उपचार दिशानिर्देशों को देखते हैं।

उपचार के कौन से विकल्प उपलब्ध हैं वह देखने के बाद, कैंसर देखभाल टीम कैंसर से पीड़ित व्यक्ति के साथ उन उपचारों पर चर्चा करेगी। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति और कैंसर देखभाल टीम मिलकर तय करेगी कि कौन सा उपचार सबसे अच्छा है। कैंसर देखभाल टीम भी पूरे उपचार के दौरान सवालों के जवाब देने, दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने और उपचार कैसे काम कर रहा है, इस पर नज़र रखने में मदद करने के लिए उपलब्ध रहेगी।

कैंसर की जानकारी, दिन-प्रतिदिन की सहायता और सहयोग के लिए, अमेरिकन कैंसर सोसायटी को **1-800-227-2345** पर कॉल करें या हमें **cancer.org** पर ऑनलाइन मिलें। जब आपको हमारी जरूरत है तब हम यहां हैं।



HINDI
©2021, American Cancer Society, Inc.
नं. 004506 – संशोधन 11/21
BBB ACCREDITED CHARITY
bbb.org/charity